JEWELLERS
ASSOCIATION
JAIPUR


Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

## जेजेएस

जयपुर ज्वैलरी शो
17वें संस्करण का भव्य समापन

## नैचुरल टर्क्वॉइज़

उत्पत्ति, संरचना, गुण और देखभाल



## साक्षात्कार एचएमवी जैम्स

## प्रेरणा माखरिया

देश की पहली ज्वैलरी ब्लॉगर

## दी कोलकाता कनेक्शन

## ट्रेंडी अफेयर्स

ज्वैलरी डिज़ाइन के नए ट्रेंड्स

# C.I. Bogotá Emerald Mart S.A.S.

Miner and Exporter of Colombian Emeralds.
All qualities, cut and rough.
Av. Jiménez No. 5-43 Of. 801 Bogotá - Colombia
Tels: (571) 342 0966 - 342 0015 - 342 2860
www.bem.com.co - bem@bem.com.co - benny@bem.com.co




www.bem.com.co

2021 -5781

ICA MEMBER

**Benny Bazalel**
**+57 310 219 5000**

**Jonny Bazalel**
**+57 313 294 0430**

Shareholder of:
Empavas Mine in Muzo/Quipama
Calceteros and Buenos Aires Mine in Coscuez



JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

नवंबर-दिसंबर 2021 | Volume XXXX No. 1

Regd. with R.N.I. No. 26126/74

- GEM WORLD
- JAS
- GEM BOURSE
- JANOPYOGI BHAWAN
- DHARAM KANTA
- JEA
- JAGS

## वि ष य - सू ची



19



25



33



36



43



45

**जेजेएस**
**जयपुर ज्वैलरी शो**
**17वें संस्करण का भव्य समापन** 13

**प्रेरणा माखरिया**
देश की पहली ज्वैलरी ब्लॉगर 17

**जीजेईपीसी**
एक बड़ी राहत 21

**जीजेएससीआई**
इंडिया स्किल्स साऊथ रीजनल लेवल कॉम्पिटिशन 22

**जीजेसी**
मुंबई एक्सपो 1-4 मार्च 22

**साक्षात्कार: एचएमवी जैम्स**
हरि मोहन विष्णु 23

**वैभवपूर्ण विरासत**
दी कोलकाता कनेक्शन 26

**ऑक्शन्स एंड एग्जिबिशंस** | जैमफील्ड्स फ्यूरा 31-32

**नैचुरल टर्क्वोइज़ -1**
गगन चौधरी 33

**ट्रेंडी अफेयर्स**
ज्वैलरी डिज़ाइन के नए ट्रेंड्स 36

**डिज़ाइन स्पीक**
जाने डिज़ाइनर को 44




कवर क्रेडिट:
**वैलेंटाइन ज्वैलरी (इ) प्रा. लि.**

**प्रकाशन**
ज्वैलर्स असोसिएशन
जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)
टे: +91 141 4034112-13
फे : +91 141 2560125
ई: gemworld@jajaipur.com
वेब: www.jajaipur.com

**संपादक और डिजाइन**
Splashierz Design
+91 77427 25334

**विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
टे: +91 141 4034112-13 मो: +91 87696 64864 | +91 99502 11331
ई: gemworld@jajaipur.com

डिस्क्लेमर
पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# जैम वर्ल्ड
# 2021-2022

## सलाहकार मंडल



**राम शरण गुप्ता**
अध्यक्ष



**अशोक माहेश्वरी**
मानद सचिव



**नीरज लुणावत**
संयोजक जैम वर्ल्ड



**आलोक सौंखिया**
उपाध्यक्ष



**अभिषेक सांड**
सदस्य



**महेश खण्ड़ेलवाल**
सदस्य



**नरेश अगरोया**
सदस्य



**सुधीर कुमार ठोलिया**
सदस्य

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# कार्यकारी समिति
## 2021-2022


राम शरण गुप्ता
अध्यक्ष


आलोक सौंखिया
उपाध्यक्ष


अशोक माहेश्वरी
मानद् सचिव


नीरज लुणावत
संयुक्त सचिव


राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
कोषाध्यक्ष


अभिषेक सांड
सदस्य


अजय गोधा
सदस्य


डी.पी. खण्ड़ेलवाल
सदस्य


गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
सदस्य


महेश खण्ड़ेलवाल
सदस्य


मुकेश विजय
सदस्य


नरेश अगरोया
सदस्य


निर्मल कुमार बरड़िया
सदस्य


राजेश जैन
सदस्य


राजेश धामाणी
सदस्य


संजय काला
सदस्य


सुनील बटवाड़ा
सदस्य


विजय केड़िया
सदस्य

# उप-समितियां 2021-2022

**अध्यक्ष श्री रामशरण गुप्ता एवं मानद् मंत्री श्री अशोक माहेश्वरी सभी उप-समितियों में पदेन सदस्य होंगे।**

**समाज सेवा**
**संयोजक**
आलोक सौंखिया
**सदस्य**
गौरव जैन
महेश खण्ड़ेलवाल
नीरज लुणावत
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राजेश धामाणी
अदित बरड़िया

**B.2.B शो JAGS**
**संयोजक**
मुकेश विजय
**सदस्य**
शैलेष कुमार मेहता
अभिषेक सांड
अब्दुल शकूर लाली
अमित विजय
अरूण मोदी
आशीष बंग माहेश्वरी
घनश्याम बिलसोरा
आशीष सिंघवी
संजीव गुप्ता

**धर्मकांटा एवं फोटोग्राफी**
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी
**सदस्य**
अभिषेक मालपानी
गौरव फोफलिया
नरेश अगरोया
रितिक माहेश्वरी

**जनोपयोगी भवन**
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
अरविन्द गुप्ता
बाल किशन गुप्ता
महेन्द्र जैन (जापानवाला)
नीलकण्ठ भंडारी
राम नारायण नांगलिया
सतीश अग्रवाल
सुनील नाहर
सुरेन्द्र सुराणा
उमेश सोनी

**शोध, विकास एवं मैन्यूफेक्चरिंग**
**संयोजक**
राजेश धामाणी
**सदस्य**
अजय बक्षी
अजय गोधा
अजय खण्ड़ेलवाल
अमित कोटावाला
घनश्याम साहू
जीतू पटेल
महावीर ड़ागा
महेश फतेहपुरिया
मनोज अग्रवाल
पारस ठोलिया
प्रकाश बैद
राजेश सेठ
राकेश कोचर
संदीप कटारिया
शांति शाह
श्रीयांश धांधिया
विवेक दाधीच

**ज्वैलर्स असोसिएशन शो JAS**
**संयोजक**
राजेश धामाणी
**सह-संयोजक**
कृष्ण कुमार अग्रवाल
नरेश अगरोया
**सदस्य**
अभिषेक रानीवाला
अभिषेक सांड
अजय गोधा
आलोक सौंखिया
अनिल ताम्बी
अरूण कोठारी
अरूण कुमार गोखरू
अरविन्द गुप्ता
बजरंग बाहेती
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
गौरव जैन
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
महेन्द्र लुहाड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मुकेश विजय
नीरज लुणावत
निर्मल कुमार बरड़िया
नितिन गिलारा
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश जैन
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील गुप्ता
सुरेश ढ्ढ्ढा
विजय केड़िया
यशेष ताम्बी

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# उप-समितियां 2021-2022

**अध्यक्ष श्री रामशरण गुप्ता एवं मानद् मंत्री श्री अशोक माहेश्वरी सभी उप-समितियों में पदेन सदस्य होंगे।**

**यंग एंट्रेप्रेन्योर व डिजिटाइजेशन**
**संयोजक**
अभिषेक सांड
सदस्य
आलोक सौंखिया
नीरज लुणावत
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
शिरीष अग्रवाल
विनीष अग्रवाल

जेम **वर्ल्ड सलाहकार मंडल**
**संयोजक**
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
महेश खण्ड़ेलवाल
नरेश अगरोया
सुधीर ठोलिया

**कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
अरूण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राजेश धामाणी
विजय केड़िया
सुनील शर्मा

**पंच फैसला**
**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
निर्मल कुमार बरड़िया
ओम प्रकाश डंगायच
श्याम सुन्दर खटोरिया

**ट्रेड रेग्यूलेटरी कमेटी (टी.आर.सी.)**
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अशोक सौंखिया
दिनेश कुमार खटोरिया
कमल कुमार कोठारी
विजय केड़िया

**व्यापारिक सुरक्षा**
**संयोजक**
राजेश जैन
**सदस्य**
अनिल कुमार अग्रवाल
अरविन्द गुप्ता
भरत आर. पटेल
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
सुरेश गुप्ता

**वित्त संग्रह**
**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
महेन्द्र कुमार अग्रवाल
सुनील मनिहार

**विधान संशोधन**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
अरूण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
कमल कुमार कोठारी
निर्मल कुमार बरड़िया

**रत्न दलाल**
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
राजेश धामाणी
गौरव फोफलिया
हरीश खण्ड़ेलवाल (भुखमारिया)
महेश गुप्ता
मनीष लुहाड़िया
मनोज अग्रवाल
मनोज गंगवाल
राहुल छाबड़ा
संजय माहेश्वरी
विनोद कुमार गुप्ता (AVD)

**सदस्यता प्रवेश-पत्र जाँच**
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अरविन्द गुप्ता
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
रूपेश ताम्बी
यशेष ताम्बी

**सेमीनार**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
गौरव जैन
सुधीर ठौलिया
राजेश जैन
नीरज लुणावत
राजेश धामाणी
सुनील बटवाड़ा

GEMFIELDS



Responsibly sourced Zambian emeralds and Mozambican rubies.
Championing transparency and trust in the coloured gemstone industry.

GEMFIELDS.COM

valentine

JAIPUR




VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT. LTD.
E: order@valentinejewelleryindia.com
T: +91-7412077882

VALENTINE JADAU
E: order@valentinejadau.com
T: +91-7412077880


www.valentinejaipur.com





Tanzanite | Opal | Paraiba | Rubellite | Swiss Blue Topaz



Tourmaline | Bi-color | Green Tourmaline | Aquamarine | Morganite





**Corporate Office**
RMC Gems India Ltd.
24, Bardiya Colony, Museum Road,
Jaipur 302004 India
Tel: 91-141-2533050,2533092
Email: rmc@rmcgems.in

RMC
www.rmcgems.in

**SEZ Factory**
RMC Gems India Ltd.
G1-18 & 19, SEZ Phase 1, Sitapura Industrial Area,
Tonk Road, Jaipur 302022 India
Tel: 91-141-2770687 Fax: 91-141-2770669
Email: rmc@rmcgems.in

# LUNAWAT GEMS CORPORATION

**MANUFACTURER : EXPORTER : IMPORTER**




PEACH MORGANITE


PINK TOURMALINE


AQUAMARINE


PINK MORGANITE


TSAVORITE


AMETHYST


TANZANITE


RUBELLITE


YELLOW BERYL


IOLITE


PERIDOT


BLUE TOPAZ





WWW.JAIPURGEM.COM

2135-36,Lunawat House,Haldion Ka Rasta Johari Bazar,
Jaipur,302003(Raj.)india
TEL NO: +91-141-257-1401,+91-141-2571402
Email-contact@lgcindia.com,lunawatgem@gmail.com

Savio
Jewellery

Bringing in the vigor of creativity with skillful craftsmanship to create magic in jewellery making.



CORPORATE OFFICE: 223-224, 1st Floor, Apex Mall, Lalkothi, Jaipur-302015, INDIA, Tel: 0141-4012211
FACTORY: E-71, Jewellery Zone, Sitapura Industrial Area, Jaipur-302022, INDIA, Mob- +91-9588252619
E: saviojewellery@gmail.com, W: www.saviojewellery.com

*saviojewellery* *jewellerysavio*

# रत्न और गहनों की दमक से रत्न नगरी में लौटी रौनक

JAIPUR JEWELLERY SHOW

- जेजेएस 17वें संस्करण का भव्य आयोजन
- देश और दुनिया के अनेक हिस्सों से आए एग्जिबिटर्स एवं विजिटर्स



रत्नाभूषणों की दमकती आभा और देश-दुनिया के अनेक हिस्सों से आए एग्जिबिटर्स एवं विजिटर्स की भारी तादाद ने जयपुर ज्वैलरी शो को शानदार बनाने के साथ साथ यादगार भी बना दिया। कोविड की महामारी के बाद रत्न नगरी जयपुर में शो के जरिए एक बार फिर रौनक लौटी और ज्वैलरी के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। चार दिवसीय शो शुरुआत से लेकर समापन तक सुर्खियों में रहा और बीटूबी बैठकों का दौर लगातार चलता रहा। सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में जेजेएस के 17वें संस्करण का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत 24 दिसम्बर से हुई और भव्यता के साथ 27 दिसम्बर को समापन हुआ। शो की थीम 'इट्स टाइम टू स्पार्कल' थी। शो में कोविड के हालातों को ध्यान में रखते हुए कोविड प्रोटोकाल का अनुसरण किया गया।



उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि अमित यादव, महानिदेशक, विदेश व्यापार निदेशालय (डीजीएफटी) और अतिरिक्त सचिव, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय थे। उन्होंने कहा कि जेम्स एंड ज्वैलरी क्षेत्र देश के विकास का एक हिस्सा है क्योंकि यह निर्यात के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है और करीब 4 मिलियन लोगों के रोजगार सृजन में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। वैश्विक पॉलिश्ड डायमंड के बाजार में, भारत की हिस्सेदारी वैल्यू के मामले में 75 प्रतिशत, वॉल्यूम में 85 प्रतिशत और पीस के मामले में 92 प्रतिशत होने का अनुमान है। विश्व स्तर पर, हम स्वर्णाभूषण में चौथे सबसे बड़े निर्यातक भी हैं, चांदी की ज्वैलरी में पहले, सिंथेटिक जेमस्टोन्स में दूसरे और रंगीन जेमस्टोन्स में 5वें स्थान पर हैं। महामारी के कारण उद्योग काफी प्रभावित हुआ लेकिन वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए निर्यात लक्ष्य 41 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक निर्धारित किया गया है।

ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वैलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के चेयरमैन आशीष पेठे और जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) के क्षेत्रीय निदेशक निर्मल बरड़िया विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह में आशीष पेठे ने कहा कि जयपुर हमेशा जेम्स और ज्वैलरी व्यापार का केंद्र बिंदु रहा है और जेजेएस का हर संस्करण उद्योग के ट्रेंड्स के बारे में एक विहंगम दृश्य देने के साथ समृद्ध अनुभव प्रदान करता है। इस मौके पर निर्मल बरड़िया ने घोषणा की कि जयपुर मई, 2022 में इंटरनेशनल जेम्स एंड ज्वैलरी शो की मेजबानी करेगा।

जेजेएस चेयरमैन विमल चंद सुराणा के अनुसार इस वर्ष शो में 2 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र में 800 बूथ्स लगाए गए। इनमें से 500 बूथ्स पर ज्वैलरी, 200 बूथ्स पर जेमस्टोन्स प्रदर्शित किये गए। जबकि कॉस्ट्यूम, आर्टिकल्स और आर्टिफैक्ट्स 10 बूथ्स पर और 64 बूथ्स पर उनसे संबंधित मशीनरी को प्रदर्शित किया गया।

इस मौके पर इंडियन ज्वैलर अवार्ड के तहत ज्वैलरी के क्षेत्र में अपनी कलात्मकता का बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली नवोदित प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। शो में महज चार दिनों के भीतर 20 हजार से अधिक विजिटर्स ने शिरकत की और अपने पसंदीदा रत्न एवं आभूषणों को सराहा। अंतिम दिन समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान ऊर्जा राज्य मंत्री, भंवर सिंह भाटी और विशिष्ट अतिथि विधायक रफीक खान थे। इस मौके पर जे जे एस के मानद सचिव राजीव जैन ने घोषणा की कि जयपुर ज्वैलरी शो का 18 वां संस्करण 23 से 26 दिसंबर, 2022 तक आयोजित किया जाएगा।





सांसद दीया कुमारी ने देश के जाने माने ज्वैलरी ब्रांड्स की छह महिला संस्थापकों को सम्मानित किया

## VISITOR VOICE



### महेन्द्र खुराना

सुन्दर ज्वैलर्स
चंडीगढ़

ज्वैलरी के क्षेत्र में यूनिक रत्न एवं आभूषणों को प्राप्त करने के लिए जयपुर ज्वैलरी शो एक बेहतरीन विकल्प है। डायमंड, अनकट पोल्की के साथ सिल्वर ज्वैलरी के यहां काफी डिजाइन उपलब्ध है। शो हमारी उम्मीदों पर खरा उतरा है। आयोजकों ने बाहर से आने वाले विजिटर्स एवं एग्जिबिटर्स के लिए व्यापार एवं हॉस्पिटिलिटी के नजरियें से काफी अच्छी व्यवस्था की, जिससे हमारा अनुभव काफी अच्छा रहा।





### यश चौरडिय़ा

रत्नालया
मुंबई

जेजेएस में जेमस्टोन के कलेक्शन आईआईजेएस की तुलना में प्रभावी और आकर्षक दिखाई दिए हैं। हम ज्वैलरी निर्माता है और यहां हमारे व्यापार के लिए जैम स्टोन्स का दायरा काफी विस्तृत नजर आया। सभी को एक ही स्थान पर लाने की पहल अच्छी लगी और मेरे मानना है की बीटूबी हो या बीटूसी सभी को इस शो को विजिट करना चाहिए। शो की बदौलत हमे व्यापार से सम्बंधित आवश्यक जानकारी यहाँ एक ही समय में एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाती हैं।







## EXHIBITORS SPEAK



### अंशुल गोलेछा

अमायरा ज्वैल्स
जयपुर

कोविड महामारी के बाद जेजेएस में इतनी भारी तादात में विजिटर्स दिखने से हमें काफी खुशी हो रही है। इससे लग रहा है कि हमारी इंडस्ट्री ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। यहां बड़े साइज की पोल्की, और एमरल्ड से बने चोकर्स, माथा पट्टी इत्यादि डिजाइंस की खूबसूरती ने सभी को आकर्षित किया है। यहां का अनुभव काफी अच्छा रहा।



### रौनक बदलिया

बदलिया जैम्स
कोलकाता

हमनें शो में पहली बार हिस्सा लिया और यहां हमनें एमरल्ड और फुल डायमंड से बने खूबसूरत ब्राइडल कलेक्शन को प्रस्तुत किया। इसके प्रति सभी से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। हमारे लिए जेजेएस एक शानदार और यादगार शो रहा है। हम अगले वर्ष भी इस शो का हिस्सा बनना चाहेंगे। शो के जरिए जयपुर को करीब से देखने का अनुभव काफी अच्छा रहा।



### विनीत नवलखा

वी एच ज्वैलर्स
जयपुर

हम जेजेएस में हमारे एक ब्रांड कफ़केयर के साथ आए है, जिसकी खूबी उसमें इनेमल वर्क का होना है। हमनें ज्वैलरी को पसंद करने वाले सभी आयु वर्गों को ध्यान में रखकर यहां रत्नाभूषणों का कलेक्शन प्रस्तुत किया है। इनमें हमनें बच्चों के लिए नैनो, पुरुषों के लिए कफ़केयर और महिलाओं के लिए खास तौर पर ईलेब्रा कलेक्शन को प्रदर्शित किया। हमारे कलेक्शंस सभी को पसंद आए, इससे हम काफी खुश है।





### महेश खटोरिया

ए के एंटरप्राइजेज
जयपुर

हमनें शो में बेशकीमती रत्नों से बने आभूषणों को प्रदर्शित किया। इनमें एमरल्ड से बने रत्नाभूषण खास तौर पर शामिल है। विजिटर्स को हमारे कलेक्शंस यूनिक लगे है और इसी कारण हमें काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। शो हमारे लिए बेहद खास रहा और हम उम्मीद करते है कि हम हर बार इस शानदार शो का हिस्सा बने।







## प्रेरणा माखरिया



# मेरी प्रेरणा 'मैं' हूँ!

कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता, जरा एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो...। मशहूर गीतकार दुष्यंत कुमार की इन्हीं पंक्तियों सी जिन्दगी है देश की सबसे लोकप्रिय ज्वैलरी ब्लॉगर और इन्फ्लूएंसर प्रेरणा माखरिया की। करीब दो दशकों से ज्वैलरी क्षेत्र में अपनी मुकम्मल पहचान बनाए हुए माखरिया ने करीब छह वर्ष पूर्व ज्वैलरी ब्लॉगिंग के क्षेत्र में आने का फैसला किया और अपनी कला एवं इस क्षेत्र में पकड़ के कारण आज वह देश की जानी मानी ज्वैलरी ब्लॉगर व इन्फ्लुएंसर है। देश-दुनिया में अनेक टीवी शोज और रत्नाभूषणों से जुड़ें अभियानों का हिस्सा रह चुकी प्रेरणा से हाल ही में जैम वर्ल्ड की टीम ने खास मुलाकात की।



पेरिस स्थित मैसन बाउसचेरन में एक प्रदर्शनी के दौरान सर्पाकार आकृति के बोहेमे नेकलेस के साथ

**• आप देश के सबसे लोकप्रिय ज्वैलरी ब्लॉगर/इन्फ्लूएंसर में से एक हैं। इसकी शुरुआत कैसे हुई?**

मैंने लगभग 2 दशक पहले रत्न और आभूषण में अपना कॅरियर शुरू किया था। वाणिज्य में स्नातक करने के साथ-साथ, मैंने GIA, GII और SNDT से गहनों की डिजाइनिंग, निर्माण, हीरे और रत्नों की परख का औपचारिक प्रशिक्षण भी लिया। इसके बाद, एक कंपनी के लिए ज्वैलरी प्रोडक्ट डेवलपमेंट हेड के रूप में काम किया, जिसके पूरे भारत में लगभग 50 स्टोर्स थे। ज्वैलरी तैयार करते समय, पहनने योग्य और स्टाइल मेरे लिए समान रूप से महत्वपूर्ण थे। इससे मैं स्वाभाविक रूप से एक ज्वैलरी स्टाइलिस्ट बन गई। 2014 में एक मित्र ने मुझे ज्वैलरी ब्लॉगिंग के बारे में बताया, तब तक मुझे नहीं पता था कि ब्लॉगिंग क्या है। जब मैं ऑनलाइन सर्च करती तो ज्वैलरी के अंतर्राष्ट्रीय ब्लॉगर्स मिलते थे, जिनमें भारत से कोई नहीं था। यह देखकर मैनें सोचा की कि मुझे भी इस क्षेत्र की काफी जानकारी है, जिसके चलते मैनें ज्वैलरी ब्लॉगिंग की शुरुआत की और सौभाग्य से भारत की पहली ज्वैलरी इन्फ्लुएंसर बनी।

**• इस क्षेत्र में आपकी प्रेरणा कौन है?**

यह सफर मेरा अपना है, इसलिए इसकी प्रेरणा भी मैं स्वयं को मानती हूं। मेरी मां हमेशा से ही मेरी ताकत रही है और गुरूजनों ने मेरा हमेशा मार्गदर्शन किया है। बात करें उन आइकन के बारे में, जिनसे मुझे प्रेरणा मिलती है तो उनमें प्रमुख तौर पर राजमाता महारानी गायत्री देवी की सादगी, अमेरिकी व्यवसायी महिला व फैशन आइकन आइरिस एपफेल, पटियाला के महाराजा, महारानी एलिजाबेथ और ऑड्रे हेपबर्न द्वारा पहने गए गहने और अभिनेता रणवीर सिंह द्वारा पहनी गई मेन्स ज्वैलरी आदि प्रेरणादायक है।

**• अपने काम और उसके प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में बताएं?**

मेरे काम को लेकर कुछ सिद्धांत है। हमें मुख्यतौर पर प्रयोगात्मक रहना चाहिए और नवाचारों से कभी घबराना नहीं चाहिए। हमेशा धैर्य रखना चाहिए और कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। एक बार किसी ने मुझसे कहा था, 'प्रेरणा, हर कोई आपको छोड़ सकता है, लेकिन आपका काम तब तक आपका साथ नहीं छोड़ेगा, जब तक आप इसे नहीं छोड़ेगी।' यह लाइन मेरे दिमाग में हमेशा रहती है। ज्वैलरी ब्लॉगिंग एक ग्लैमरस काम है। ज्वैलरी की चमकदार छवि को बनाए रखने के पीछे कड़ी मेहनत होती है, वो लोगों को कई बार दिखाई नहीं देती है। मेरा मानना है कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है। असफल होना और गिरना ठीक है, इससे महत्वपूर्ण यह है कि अपने पैरों पर वापस खड़े होकर आगे बढ़ना।



म्यांमार में रुबी सहित अनेक बेशकीमती रत्नों को बारीकी से देखते हुए



द कार्टियर बुक साइनिंग समारोह के दौरान फ़्रांसेस्का कार्टियर ब्रिकेल के साथ मेजबानी करते हुए




केन्या और श्रीलंका स्थित खदानों में खदान श्रमिकों के साथ



वर्ष 2013 में स्वारोवस्की जेम विजन में तैयार चेहरे का आवरण (face mask)

**• ब्रांड अथवा ज्वैलर्स इत्यादि आप तक कैसे पहुंचते हैं?**

हमारे काम को ब्रांड नोटिस करते हैं। वे सोशल मीडिया या ईमेल के जरिए हम तक पहुंचते हैं। फिर वे आभूषण अथवा उससे संबंधित संग्रह इत्यादि से जुड़े अपने ब्रांड अभियानों को बढ़ावा देने के लिए हमसे जुड़ते है। इसके बाद भुगतान के आधार पर हम उनके लिए दिलचस्प अभियान चलाते है। वैसे, ब्रांड अपने पीआर और मार्केटिंग एजेंसियों के माध्यम से भी हम तक पहुंचते है।

**• इस क्षेत्र में आपका सबसे यादगार अनुभव कौन सा है?**

मेरे पास तो काफी सारे अनुभव है। पहली बार वर्ष 2003 में कॅरियर शुरू करने के दौरान पहली बार ज्वैलरी बेचना, वर्ष 2009 में पहली जॉब करना। वर्ष 2012 में अपने आभूषण संग्रह के साथ आईआईजेडब्ल्यू में रैंप वॉक की। वर्ष 2013 में स्वारोवस्की जेम विजन में मेरे द्वारा तैयार किया गया चेहरे का आवरण (face mask) विश्व स्तर पर भारत के शीर्ष 3 चयनों में से एक था। दक्षिण अफ्रीका में डी बीयर्स वेनेशिया माइन्स का दौरा करना और वहां देखना कि हीरे यहां से सोर्स होते है। इनके अलावा श्रीलंका, बर्मा, केन्या में रत्न खदानों का दौरा भी शानदार था। ज्वैलरी स्टाइलिंग पर मेरा पहला व्यक्तिगत टीवी एपिसोड 2020 में प्रसारित हुआ। सच कहूं तो सारे अनुभव बेहद यादगार है। खास तौर पर जब किसी अंतरराष्ट्रीय स्तर के समारोह अथवा वैश्विक स्तर के समारोहों में जब मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व करती हूं तो मुझे गर्व की अनुभूति होती है और यह पल मेरे लिए अविस्मरणीय और बेहद खूबसूरत पल होते है।

**• वर्तमान रुझानों के बारे में आपके क्या विचार है?**

वास्तव में मुझे फॉलोअर बनने की बजाए ट्रेंडसेटर बनना पसंद है। मुझे व्यक्तिगत तौर पर लगता है कि जिन आभूषणों को पहनने से खुशी मिले, मैं वैसी ही ज्वैलरी को पहनना पसंद करती हूं। मेरा मानना है कि महिलाएं अब विरासत में मिले आभूषणों को सहेजकर रखने के स्थान पर उन्हें रोजमर्रा की जिन्दगी में पहनना पसंद करने लगी है और उन्हें पहनने योग्य आभूषणों में बदल रही है। भारत में दुल्हनें ऐसे आभूषणों का चयन कर रही हैं, जिन्हें वे अपनी तिजोरियों में बंद करने के स्थान पर आम जिन्दगी में भी पहन सके।

**• "भारतीय डिजाइनरों का समर्थन करें" यह पहल क्या है, बताइयें?**

सपोर्ट सीरीज़, एक गैर-लाभकारी पहल है, जिसे मैंने 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवोदित ज्वैलरी प्रतिभाओं, ज्वैलरी कलाकारों को, उनके काम को अपने सामाजिक मंच पर पेश करने एवं उन्हें समर्थन देने की शुरू की थी। अगर उनके पास कुछ अलग है, तो वे मेरे सोशल मीडिया या ईमेल के माध्यम से मुझसे संपर्क कर सकते हैं और मेरे पेज पर आने का मौका पा सकते हैं। वे सभी इन हैशटैग का उपयोग अपने सोशल मीडिया पोस्ट में #SupportIndianJewelleryDesigners और #SupportJewelleryDesigners का प्रयोग कर सकते है और एक समुदाय के रूप में एक साथ खड़ें रहने का दायित्व निभा सकते है।

# ज्वैलरी ब्लॉगर प्रेरणा की नज़र में जानिए जेजेएस का रिव्यू

### आपको जेजेएस में किन रत्नों के प्रति अधिक रूझान दिखाई दिया ?

मुझे व्यक्तिगत तौर पर लगता है कि इस वर्ष लोग अधिक प्रयोगात्मक रहे हैं। ऐसे में वर्ष 2022 में रूबी, एमरल्ड और येलो सफायर के पारंपरिक उपयोग के अलावा मॉर्गनाइट्स, तंजेनाइट और पराइबा तुरमलीन के प्रति अधिक रूझान देखने को मिल सकता है। ओपल और मुंगे की भी मांग बढ़ी है, जबकि मैलाकाइट, रोज क्वार्ट्ज, नीलम जैसे रत्न भी काफी नजर आ सकते है।



मॉर्गनाइट रत्न

### जेंडर न्यूट्रल ज्वैलरी का प्रचलन है। जेजेएस के संदर्भ में इसके प्रति आपकी क्या राय है?

मेरे लिहाज से जब पुरुषों के आभूषणों की बात आती है, तो मैनें जेजेएस में महसूस किया कि आज भी हम पारंपरिक पोल्की आभूषण जैसे कलगी, कुर्ता बटन और ब्रोच तक सीमित हैं। जबकि ज्वैलरी एसेसरीज में बेल्ट बकल, फोन कवर, स्टिक पिन इत्यादि का बाजार तेजी से उभर रहा है। मेरा मानना है कि भविष्य में यह एक बड़ा बाजार बन सकता है। यदि भारत का इतिहास देखें तो पहले महिलाओं की तुलना में राजपरिवारों के पुरुष अधिक आभूषण पहनते थे। वे रत्न ज़ड़ित आभूषणों से सजे हुए नजर आते थे। यदि मुझे मौका मिला तो मैं उस दौर को फिर से प्रचलन में लाना चाहूंगी और पुरुषों को आभूषणों से सजा हुआ देखना पसंद करूंगी।



पोल्की और एमराल्ड ब्रोच
पुरुष और महिला दोनों के लिए।

### ज्वैलरी के रूझानों को लेकर आपकी राय क्या है, बताईये ?

पिछले एक साल में ज्वैलरी के मार्केट में जबरदस्त उछाल आया है। अब जितना पहनने योग्य और सार्थक आभूषणों का चयन किया जा रहा है, उतना ही दुल्हन के आभूषणों पर भी खर्च किया जा रहा है। आभूषणों का हीरे ज़ड़ित होने के साथ साथ ही उनका आरामदायक होना भी काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



ग्रीन गार्नेट, नीलम एवं हीरा

### जयपुर ज्वैलरी डिजाइन फेस्टिवल को लेकर आपके विचार साझा करिये?

मुझे जेजेडीएफ में विभिन्न ज्वैलरी और डिजाइन संस्थानों के नवोदित छात्रों द्वारा किए गए काम को देखकर काफी अच्छा लगा। मुझे लगता है कि जेजेडीएफ में अपार संभावनाएं है और इसमें अधिक से अधिक छात्रों को भाग लेना चाहिए। इसकी बदौलत प्रतिभागियों के काम को ज्वैलरी क्षेत्र के प्रतिष्ठित घरानों एवं लोगों द्वारा देखा जा सकेगा और नवोदित ज्वैलरी डिजाइनरों का मनोबल भी काफी बढ़ेगा।

मैंने 2020 में वैश्विक COVID महामारी के दौरान रचनात्मकता को एक मंच देने के लिए एक पहल की है। इसके तहत सोशल मीडिया पर #SupportIndianJewelleryDesigners और #SupportJewelleryDesigners के हैशटैग्स के जरिए ज्वैलरी क्षेत्र के प्रतिष्ठित एवं नवोदित डिजाइनर्स सोशल मीडिया पर इस पहल का हिस्सा बन सकते है और एकजुटता का परिचय दिखा सकते है। इस बारे में अधिक जानने के लिए वे मुझसे Instagram @prerna.makhariaa पर जुड़ सकते हैं।

जयपुर ज्वैलरी डिजाइन फेस्टिवल में आईआईजीजे स्टूडेंट्स के साथ



GJEPC INDIA




# भारतीय रत्न और आभूषण उद्योग की अमेरिका में बढ़ेगी चमक

**केन्द्र सरकार और जीजेईपीसी के प्रयास के बाद अमेरिका ने बदला अपना फैसला**

**भारत के विभिन्न प्रोडक्टस पर 25% तक के निलंबित टैरिफ की समाप्ति पर मंथन शुरू**



ई- कॉमर्स से जुड़ें भारतीय कारोबारियों के लिए राहत की खबर आई है। भारत सरकार और जीजेईपीसी के निरंतर प्रयास के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका ने अब भारतीय हितों को ध्यान में रखते हुए अपने ही एक फैसले को बदलने का निर्णय लिया है। इससे भारत के रत्न और आभूषण उद्योग से बड़ी तादात में जुड़ें कारोबारियों को राहत मिली है।

ज्ञात हो कि, संयुक्त राज्य अमेरिका ने 6 महीने के लिए विभिन्न रत्न और आभूषण उत्पादों पर पूर्व में लगाए गए 25% तक दंडात्मक शुल्क लगाने के निर्णय को निलंबित कर दिया था, इसमें सामानों की इंटरनेट बिक्री के खिलाफ माल के आयात पर 2% इक्विलाइजेशन लेवी भी लगाई गई थी। अमेरीकी सरकार की ओर से यह 6 महीने की अवधि 29 नवंबर 2021 को समाप्त हो रही थी और इसी दिन से 17 जैम्स एंड ज्वैलरी प्रोडक्टस पर 25% तक टैरिफ लागू करने की योजना प्रस्तावित थी। इस मुद्दे को दृष्टिगत रखते हुए रत्न तथा आभूषण उद्योग जगत के शीर्ष निकाय जीजेईपीसी ने अमेरिकी सरकार के समक्ष भारतीय कारोबारियों द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों को लगातार प्रस्तुत किया। इसके साथ ही केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने भी विभिन्न द्विपक्षीय स्तर की बैठकों में इस मामले पर लगातार चर्चा की। आखिरकार दोनों ही देशों की सरकारों ने कारोबारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक पहल की, जिसके परिणामस्वरूप केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय व अमेरिकी सरकार के ट्रेजरी विभाग ने डिजिटल सेवा कर (DST) के ट्रीटमेंट के सम्बन्ध में गत 24 नवंबर 2021 को एक समझौता किया जिसके तहत अमेरिका रत्न तथा आभूषण प्रोडक्ट सहित विभिन्न उत्पादों पर प्रस्तावित टैरिफ में 25 प्रतिशत तक की वृद्दि नहीं करने जा रहा है। इस दौरान OCED समझौते के स्तंभ 1 का भी विशेष तौर पर जिक्र किया गया है और उसी के अनुरूप अमेरिका की ओर से यह निर्णय लिया गया है।

जीजेईपीसी के अध्यक्ष कोलिन शाह की ओर से जारी आधिकारिक प्रेस रिलीज में इस फैसले को लेकर केन्द्र सरकार की पहल की सराहना की गई है। साथ ही स्पष्ट किया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के शीर्ष 5 महत्वपूर्ण निर्यात बाजारों में प्रमुख स्थान रखता है। ऐसे में इन निर्णयों की बदौलत दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंध मजबूत बने रहने की आशा हैं।

# दिब्येंदु, नीरू और सुमन को गोल्ड मैडल

- इंडिया स्किल्स साऊथ रीजनल लेवल कॉम्पिटिशन
- ज्वैलरी के क्षेत्र में प्रतिभाओं ने फहराया परचम
- अब विजेता जनवरी में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगें दम खम




एनएसडीसी के मार्गदर्शन में जेम एंड ज्वैलरी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (जीजेएससीआई) ने वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता के विभिन्न स्तरों में अपनी भूमिका का शानदार परिचय दिया। काउंसिल की ओर से प्रतियोगिता में बेहतरीन और प्रतिभावान प्रतिभागियों को उतारा गया। इन प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा से निर्णायकों सहित सभी को आकर्षित किया और एक-दूसरे प्रतिभागियों को कड़ी चुनौती दी। इस बार इंडिया स्किल्स साऊथ रीजनल लेवल कॉम्पिटिशन का आयोजन आंध्र प्रदेश के विशाखापटनम में 1 से 4 दिसंबर, 2021 तक किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में 38 कौशल क्षेत्र रखे गए थे, जिनमें ज्वैलरी भी एक कौशल क्षेत्र था। इसमें कुल 13 प्रतिभागिओं ने आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, उत्तराखंड, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पंजाब से भाग लिया। इनमें शिआक इफ़रान, मोहम्मद अली, रिजो जोस, अभिजीत शाजी, दिब्येंदु बाला, बसवराज के, नीरू कोहली, सुभासिस पॉल, सुमन पॉल, अमित धारा, सुसांता दास, हनी जौरा और युवराज सिंह शामिल थे। प्रतियोगिता के दौरान दिब्येंदु बाला, नीरू कोहली और सुमन पॉल को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ तो सुभासिस पॉल, अमित धारा और हनी जौरा ने रजत पदक हासिल किया।

जेम एंड ज्वैलरी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (जीजेएससीआई) ने एनएसडीसी के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कौशल प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस मौके पर भागीदार संस्थानों में आंध्र प्रदेश स्टेट स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, गोल्डस्मिथ एकेडमी कोयंबटूर, वीबीजी चेन्नई और लक्ष्मी डायमंड्स बैंग्लुरू प्रमुख रहे। आयोजकों ने बताया कि क्षेत्रीय स्तर पर विजेता रहने वाले उम्मीदवार, जनवरी 2020 के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने वाली इंडिया स्किल्स 2022 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे और अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे।

# मुम्बई में जीजेसी का पहला बीटूबी इंडिया जैम एंड ज्वैलरी शो 1 मार्च से

जैम एंड ज्वैलरी शो के प्रमुख व्यापारियों को एक मंच पर लाने के लिए जीजेसी की ओर से पहली बार इंडिया जैम एंड ज्वैलरी शो का आयोजन किया जा रहा है। मुम्बई स्थित जियो कन्वेंशन सेंटर में करीब 25 हजार स्क्वायर मीटर से अधिक स्थान पर एक से चार मार्च तक शो का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पांच हजार वर्ष से अधिक समय से चली रही रत्नाभूषण की गौरवशाली विरासत को संजोने का प्रयास किया जाएगा।

शो में गोल्ड, डायमंड, सिल्वर ज्वैलरी के अलावा लूज़ स्टोन्स, जैमस्टोन्स एवं इनसे संबंधित मशीनरी की प्रमुख श्रेणियां रखी गई है। आयोजकों के अनुसार इस बीटूबी शो में देश-विदेश से 600 से अधिक एग्जिबिटर्स शामिल होंगे। शो को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है और इसके प्रचार के लिए सौ से अधिक शहरों में रोड शोज़ भी किए जा चुके है। इनके अलावा इस शो से जुड़ने क लिए जैम एंड ज्वैलरी क्षेत्र से जुड़ें निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं और डीलर्स से भी सीधा सम्पर्क साधा जा रहा है। शो में देश-विदेश के नामचीन रत्नाभूषण कारोबारियों के अलावा 20 हजार से अधिक विजिटर्स के शामिल होने की संभावना है।

# फर्श से फलक तक सफर

## एचएमवी जैम्स के विष्णु मेठी और हरि मोहन गुप्ता से खास मुलाकात





वाकिफ़ कहां ज़माना हमारी उड़ान से, वो और थे जो हार गए आसमान से...! चंद लोगों के लिए यह महज़ उर्दू के अल्फाज है, लेकिन असलियत में इन्हीं अल्फाज़ों में छिपे जोश और उत्साह को अपनी जिन्दगी में उतारा है दिग्गज पन्ना कारोबारी एचएमवी जैम्स के विष्णु मेठी और हरि मोहन गुप्ता ने। दोंनो ने संयुक्त रुप से वर्ष 1992 में अपनी एचएमवी कम्पनी की नींव डाली और 29 वर्षों के अल्प कार्यकाल में अपनी कम्पनी को देश की उन प्रमुख कम्पनियों में लाकर खड़ा कर दिया, जो रत्न व्यवसाय में अग्रिम पंक्ति में आती है। जीवन में हर चुनौती का डटकर मुकाबला करने वाले दोनों पार्टनर्स से जैम वर्ल्ड टीम ने एक खास मुलाकात की, जिसमें उनके कड़ें संघर्षों के बाद फर्श से फलक तक पहुंचने की कहानी के साथ जयपुर के प्रति उनके लगाव को साझा किया गया। पेश है उनसे हुई बातचीत के प्रमुख अंश...

**प्रश्न 1. इस व्यवसाय की आपने कैसे शुरुआत की और किन किन संघर्षों का सामना करना पड़ा?**

हमनें शुरुआत काफी हल्के माल से की। उदाहरण के तौर पर हमनें 10, 15 और 20 रूपए प्रति कैरेट के माल से पन्ने का व्यापार करना शुरू किया। इसके बाद हमनें ऊंचें दामों के माल के लेन-देन की शुरुआत की और धीरे-धीरे आज हम अच्छी स्थिति में है। वर्ष 1994 में हमनें पहली बार जयपुर के बाहर हैदराबाद में व्यापार के लिहाज से कदम रखा और उसमें भी हमें सफलता मिली।

**प्रश्न 2. आपका व्यापार वर्तमान में किन प्रमुख राज्यों में फैला हुआ है?**

व्यापारिक सफर की शुरुआत हैदराबाद से करने के बाद कोलकाता, दिल्ली, मुम्बई और चेन्नई में हमारी कम्पनी ने व्यवसाय करना शुरू किया। आज देश के प्रमुख पांच राज्यों में हमारा व्यवसाय है। इनके अलावा भी अन्य राज्यों में हम व्यवसाय को लेकर प्रगतिशील है और भविष्य के लिए रूपरेखा भी तैयार कर रहे है। दुनियाभर से व्यापारी हमसें तैयार माल लेने आते है और हमें बेहद खुशी होती है कि हम उनकी मांगों को हमेशा खुशी से पूरा कर पाते है। यहीं कारण है कि दुनियाभर में एचएमवी जेम्स का माल नाम से बिकता है।

**प्रश्न 3. व्यापार में ऑक्शन हाउस के योगदान के प्रति आपका क्या नज़रिया है, बताइयें?**

हमनें वर्ष 2010 में मेन्यूफैक्चिरंग यूनिट डाली थी। उस समय हमें बेहद सीमित संख्या में रफ मिल पाती थी और हम मेन्यूफैक्चिरंग करके उसे बेचा करते थे। इसके बाद हमारा जैमफील्ड्स के ऑक्शन हाउस से जुड़ाव हुआ। इस एक कदम से हमें काफी फायदा हुआ। इस जुड़ाव की बदौलत हमें बड़ी तादाद में गुणवत्तापूर्ण रफ मिलने लगी और इससे हमारे व्यापार की रफ्तार काफी बढ़ गई। इसके बाद हम ग्रीसली माइंस से भी जुड़े और वहां भी हमें काफी फायदा हुआ। ऑक्शन हाउस और एग्जिबिशंस से जुड़कर व्यवसाय करना वास्तव में लाभदायक रहता है। यदि कोई व्यापार में उन्नति करना चाहता है तो वह इन माइंस अथवा ऑक्शन हाउसेज़ के साथ जुड़कर व्यापारिक प्रगति कर सकता है।



**प्रश्न 4. आपकी एचएमवी जैम्स कम्पनी के नाम को लेकर भी दिलचस्प किस्सा है, यह क्या है, बताइयें।**

यह बड़ा दिलचस्प किस्सा है। उन दिनों एक ग्रामोफ़ोन कम्पनी हुआ करती थी, जिसका नाम एचएमवी था। उसी नाम से प्रेरित होकर हमनें हम दोनों पार्टनर के नाम के पहले अक्षरों को जोड़कर इस कम्पनी का नाम बनाया। एचएमवी जैम्स में एच से हरि, एम से मोहन और वी से विष्णु के नाम का पहला अक्षर जुड़ा हुआ है। इसी नाम से हमनें कम्पनी की स्थापना की और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

**प्रश्न 5. आपके लिए व्यापारिक क्षेत्र में रत्न नगरी जयपुर क्या मायनें रखती है ?**

जयपुर रत्न नगरी है और पूरी दुनिया में इसे पन्ने का हब माना जाता है। यहां के व्यापारियों की काफी अच्छी साख है और हमारा यह दायित्व है कि हम उसे सदैव बरकरार रखें। बीते 25 से 30 वर्षों में हमनें जो भी भरोसा कमाया है, वह सब जयपुर में होने के नाते है। हम प्रत्येक ग्राहक को जयपुर की गुडविल को ध्यान में रखते हुए ही माल बेचते है, जिससे ग्राहकों की जयपुर और हमारे प्रति भरोसे की मजबूत कड़ी हमेशा अटूट बनी रहे।

**प्रश्न 6. क्या आपके क्षेत्र में एग्जिबिशंस भी अहमियत रखती है?**

हमारे व्यापार में एग्जिबिशंस की काफी अहमियत है। यहां सभी चीजें एक ही जगह उपलब्ध हो जाती है। उदाहरण के तौर पर ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर की ओर से हाल ही रफ एंड कट स्टोन्स शो आयोजित किया गया। ऐसा शो पूरी दुनिया में कहीं नहीं होता है और इस तरह के शो की बहुत ज्यादा जरुरत है।



**प्रश्न 7. आपके पास एक खूबसूरत इनहाउस कलेक्शन भी है। क्या आप इसकी जानकारी हमारे पाठकों के साथ साझा करना चाहेंगे?**

जी बिल्कुल, हमारे पास कुछ यूनिक शोकेस आइटम्स है। इनमें प्रमुख तौर पर बीते पांच वर्षों में तैयार किया गए एक 'पंचशेर की मनियों' का नेकलेस है। यह 1500 कैरेट का है, जिसे अफगानिस्तान की पंचशेर घाटी स्थित पन्ना खदानों से निकले रफ स्टोन्स में से बेहद खूबसूरती से तराशे गए पन्नों से बनाया गया है। इसमें रत्नों की साइज 10 से 40 कैरेट तक है और पंचशेर घाटी की खदानों में इन कैरेट्स में पन्ने मिलना काफी मुश्किल होता है। इसके अलावा भी अनेक खूबसूरत आइटम्स हमारे संग्रह में है।



**प्रश्न 8. इस क्षेत्र में आने वाले युवाओं के लिए आपकी ओर से कोई नसीहत देना चाहेंगे?**

मौजूदा दौर में जल्दी से जल्दी आगे बढ़ने की होड़ है, लेकिन बिना जानकारी के किसी भी काम को करना नुकसानदायक हो जाता है। ऐसे में इस क्षेत्र में आने वाले युवाओं को पहले इसकी बेसिक जानकारी रखनी चाहिए और फिर धैर्य के साथ व्यापारिक कदम आगे बढ़ाने चाहिए। जब एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा तो निश्चित तौर पर सभी का व्यापार आगे बढ़ेगा। सबसे खास यह हैं कि हमेशा अपने ग्राहक का सम्मान करें और उसके प्रति विश्वास रखें, जिससे भरोसेमंद व्यापारिक संबंध हमेशा बने रहे।

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

GEM WORLD
Official Magazine Of The Jewellers Association, Jaipur

Know • Connect • Grow

पिछले 47 सालों से भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में इस मैगज़ीन के पाठकों की अच्छी खासी संख्या रही है। हम आपको अपने विज्ञापन के लिए इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने और दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक अपनी पहुँच बढ़ाने के लिए आमंत्रित करते हैं। आगे बढ़ें और ट्रेड की सर्वाधिक पढ़ी जाने वाली ज्वैलरी मैगज़ीन में अपने व्यापार को स्थान दें। ई-मैगज़ीन एक विस्तृत पाठक संख्या को वितरित होगी, इससे आपके ब्रांड की पहुंच असीमित होगी।

विज्ञापन दरों और ज़्यादा जानकारी के लिए संपर्क करें:
**+91 87696 64868 | +91 99502 11331** ई: gemworld@jajaipur.com

# वैभवपूर्ण विरासत

## कोलकाता के दो प्रतिष्ठित ज्वैलर्स से खास बातचीत

हार हो जाती है जब मान लिया जाता है, जीत तब होती है जब ठान लिया जाता है...! बॉलीवुड के मशहूर गीतकार शकील आज़मी द्वारा लिखित यह पंक्तियां कोलकाता के उन कारोबारियों पर एकदम सटीक बैठती है, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन की बदौलत बुलंदी को छुआ और एक विरासत को तैयार किया। हौंसलों के जरिए ज्वैलरी की दमक में नया मुकाम स्थापित करने वाले कोलकाता के इन दो ज्वैलर्स ने न सिर्फ उच्च गुणवत्तापूर्ण आभूषणों के जरिए ज्वैलरी के क्षेत्र में, बल्कि ग्राहकों के दिलों में भी खास स्थान बनाया। यहीं कारण है कि आज कोलकाता सहित देशभर में इनका एक सम्मानित नाम है। प्रस्तुत है रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के दो प्रतिष्ठित ज्वैलर्स से हुई बातचीत के खास अंश...

### पी सी चंद्रा ज्वैलर्स

### बदलिया जेम्स एंड ज्वैलर्स

# उदय कुमार चंद्रा

**डायरेक्टर**

## पी सी चंद्रा ज्वैलर्स, कोलकाता



**आपकी एक अद्भुत विरासत है। क्या आप इस सफर को हमारे पाठकों के साथ साझा करना चाहेंगे?**

जी बिल्कुल, असल में पी सी चंद्रा ज्वैलर्स की शुरुआत वर्ष 1939 में कोलकाता में एक स्टोर के साथ की गई थी। आज भी यह स्टोर हमारे ग्रुप का हिस्सा है। हम पूर्वी भारत के सबसे प्रमुख व्यावसायिक घरानों में एक अहम स्थान रखते है। इसमें समय के साथ हमनें प्रगति भी की है, पश्चिम बंगाल में हमारे 56 स्टोर है और राज्य के बाहर सात प्रमुख शहरों में भी हमारी अच्छी मौजूदगी है।

**पी सी चन्द्रा समूह की वो क्या खूबियां है, जो ग्राहकों से आपका रिश्ता अटूट बनाती है?**

